भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 695 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024/4 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

समुद्री वायुयानों के लिए जलीय विमानपत्तन

† 695. **श्री योगेन्द्र चांदोलिया :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में समुद्री वायुयानों के लिए जलीय विमानपत्तनों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार का समुद्री वायुयानों के लिए और अधिक जलीय विमानपत्तन स्थापित करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो जलीय विमानपत्तनों की स्थापना के लिए प्रस्तावित स्थलों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): गुजरात के सरदार सरोवर बांध (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) और साबरमती रिवरफ्रंट अहमदाबाद में, देश के दो जलीय विमानपत्तन (वाटर-एरोड्रोम्स) स्थित है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडबल्यू) ने नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) के साथ समुद्री वायुयान (सी-प्लेन) सुविधाओं के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। उपरोक्त दो मौजूदा जलीय विमानपत्तन (वाटर-एरोड्रोम्स) के अतिरिक्त, नागर विमानन मंत्रालय के उड़ान योजना के तहत जलीय विमानपत्तन (वाटर-एरोड्रोम्स) हेतु कई स्थानों की पहचान की गई है। विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

क्र.सं.	जलीय विमानपत्तन (वाटर-एरोड्रोम्स) का नाम
1.	अंडमान और निकोबार में स्वराज द्वीप (हैवलॉक)
2.	अंडमान और निकोबार में लॉन्ग आइलैंड
3.	अंडमान और निकोबार में शहीद द्वीप (नील आइलैंड)
4.	असम में गुवाहाटी रिवरफ्रंट
5.	आंध्र प्रदेश में प्रकासम बराज
6.	लक्षद्वीप में मिनीकॉय
7.	लक्षद्वीप में कवारत्ती
8.	लक्षद्वीप में अगाती
9.	अंडमान और निकोबार में मायाबंडर
10.	गोवा में उत्तरी गोवा
11.	गोवा में दक्षिण गोवा
12.	गुजरात में द्वारका
13.	हिमाचल प्रदेश में डल्होजी
14.	लक्षद्वीप में कल्पेनी
15.	लक्षद्वीप में बित्रा
16.	लक्षद्वीप में कदमत
17.	लक्षद्वीप में किल्टन
18.	लक्षद्वीप में बंगाराम

*****